दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 12 अप्रैल 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-03, अंक- 191

## देश में पिछले 24 घंटों में दिए गए 35 लाख से अधिक टीके, कवरेज की संख्या 10 करोड़

### » दैनिक नए मामलों में 10 राज्यों की 81 प्रतिशत भागीदारी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश में लगाए गए कोविड-19 टीकों की कुल संख्या आज 10 करोड़ से अधिक हो गई। शनिवार को की अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार, 15,17,963 सत्रों के जरिए कुल मिलाकर, 10,15,95,147 टीके लगाए जा चुके हैं। इनमें 90,04,063 एचसीडब्ल्यू शामिल हैं जिन्होंने पहली खुराक ली है और 55,08,289 एचसीडब्ल्यू हैं जिन्होंने दूसरी खुराक ली है। 99,53,615 एफएलडब्ल्यू ने पहली खुराक ली जबकि 47,59,209 एफएलडब्ल्यू ने दूसरी खुराक ली। 60 वर्ष से अधिक उम्र के 3,96,51,630 लाभार्थियों ने पहली खुराक ली तथा 18,00,206 लाभार्थियों ने दूसरी खुराक ली। 45 से 60 वर्ष की आयु के 3,02,76,635 लाभार्थियों ने पहली खुराक तथा 6,41,482 लाभार्थियों ने दूसरी खुराक ली है।

देश में अब तक लगाए गए कुल टीकों के 60.27 प्रतिशत में 8 राज्यों की भागीदारी है। टीकाकरण अभियान के 85वें दिन (10 अप्रैल, 2021) 35,19,987 टीके लगाए गए। इनमें से 31,22,109 लाभार्थियों को पहली खुराक के लिए 42,553 सत्रों में टीके लगाए गए जबकि 3,97,878 लाभार्थियों ने टीके की दूसरी खुराक प्राप्त की। वैश्विक रूप से दी गई टीकों की दैनिक खुराकों की



संख्या के लिहाज से, भारत औसतन प्रतिदिन दी जा रही 38,34,574 खुराकों के साथ शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। भारत में दैनिक नए मामले लगातार बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटों में 1,52,879 नए मामले दर्ज किए गए।

महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित 10 राज्यों ने कोविड के दैनिक नए मामलों में बढ़ोतरी प्रदर्शित की है। नए मामलों के 80.92 प्रतिशत इन्हीं राज्यों से दर्ज किए गए हैं।

55,411 दैनिक नए मामलों के साथ महाराष्ट्र में सर्वाधिक संख्या दर्ज कराई गई है। 14,098 मामलों के साथ छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर है जबकि उत्तर प्रदेश में 12,748 नए मामले दर्ज कराए गए हैं।

भारत के कुल सक्रिय मामले 11,08,087 तक पहुंच गए हैं। अब यह देश के कुल पॉजिटिव मामलों का 8.29 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में कुल सक्रिय मामलों में 61,456 मामलों की शुद्ध बढ़ोतरी हुई है।

पांच राज्यों- महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और केरल की भारत के कुल सक्रिय मामलों में 70.82 प्रतिशत की भागीदारी है। देश के कुल सक्रिय मामलों में अकेले महाराष्ट्र की 48.57 प्रतिशत की भागीदारी है।

भारत में कुल रिकवरी आज 1,20,81,443 तक पहुंच चुकी है। राष्ट्रीय रिकवरी दर 90.44 प्रतिशत है।

पिछले 24 घंटों में 90,584 रिकवरी दर्ज की गई।

दैनिक मौतों में लगातार बढ़ोतरी का रुख बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में 839 मौतें दर्ज की गई हैं।

नई मौतों में 10 राज्यों की 86.41 प्रतिशत की भागीदारी है। महाराष्ट्र में सर्वाधिक मौतें (309) दर्ज की गई जबकि 123 दैनिक मौतों के साथ छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर रहा।

पिछले 24 घंटों में 10 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों ने कोविड-19 से एक भी मौत दर्ज नहीं कराई है। ये हैं- दमन एवं दीव तथा दादर एवं नागर हवेली, नगालैंड, त्रिपुरा, मेघालय, सिक्किम, मिजोरम, मणिपुर, लक्षद्वीप, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा अरुणाचल प्रदेश।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्य में आवश्यक दवाओं की आपूर्ति के लिए दो अधिकारियों को मुंबई और हैदराबाद में तैनात किया गया

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशों के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने अखिल भारतीय सेवाओं के दो वरिष्ठ अधिकारियों को रेमडेसीवीर और अन्य आवश्यक दवाओं तथा उपकरणों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुंबई और हैदराबाद में तैनात किया हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुसार प्रबंध संचालक छ. ग. राज्य सड़क विकास निगम और कृषि विभाग के संयुक्त सचिव भोसकर विलास संदीपन को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ साथ दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुंबई और छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध संचालक अरूण प्रसाद को हैदराबाद में नियुक्त किया हैं। दोनों अधिकारी अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग के लगातार संपर्क में रहकर कार्य करेंगे।

### सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 3 आतंकी ढेर

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों की हुई मुठभेड़ में 3 आतंकी मारे गए। शोपियां के हादीपोरा में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके का घेराव कर सर्च ऑपरेशन चलाया था, जिसमें तीन आतंकी ढेर हो गए। सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए आतंकी एएल-बदरे संगठन से जुड़े थे। जानकारी के मुताबिक, शोपियां में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ अभी भी जारी है। मारे गए आतंकियों में एक 14 साल का नाबालिग भी था, जिसे सरेंडर कराने की कोशिशें की गईं लेकिन सफलता नहीं मिली और उसे मार गिराया गया। नाबालिग के माता-पिता ने भी उससे सरेंडर करने को कहा लेकिन अन्य आतंकियों ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। बता दें कि बीते 48 घंटों में करीब 10 आतंकी मारे गए हैं। वहीं पुलवामा में भी 2 आतंकियों को मार गिरा दिया गया है। अनंतनाग जिले में भी सेना और आतंकियों के बीच एक मुठभेड़ हुई है। दक्षिण कश्मीर के इस जिले के बिजबेहरा इलाके के सेमथान में आतंकवादियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी का इंतजार है। मिली जानकारी के अनुसार दक्षिणी कश्मीर में बीते 48 घंटों में चार जगहों मुठभेड़ हुई है। शोपियां में पिछले कुछ दिनों से लगातार एनकाउंटर हो रहे हैं।

### फर्नीचर मार्केट में लगी आग, 8 लोगों को बचाया गया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के शास्त्री पार्क में देर रात एक फर्नीचर मार्केट में भीषण आग (स्न्द्बह्ह्र) लग गई. घटनास्थल पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आठ लोगों को आग की चपेट से सुरक्षित बाहर निकाला. एक फायर अधिकारी ने बताया, आग लगने की सूचना रात 12:45 बजे मिली थी. बाजार में लगभग 250 फर्नीचर और हार्डवेयर की दुकानें शामिल हैं. दमकल की 32 गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया. तड़ते 3:00 बजे आग पर काबू पा लिया गया।

## वैक्सीनेशन कराने पर अब प्रोपर्टी टैक्स में मिलेगी छूट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** नॉर्थ एमसीडी ने कोरोना टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए बड़ा फैसला लिया है. एनडीएमसी ने कोरोना टीकाकरण सर्टिफिकेट दिखाने वाले परिवारों को प्रोपर्टी टैक्स में छूट देने का ऐलान किया है. इसके लिए एनडीएमसी ने शुक्रवार को एक आदेश पारित किया. आदेश के अनुसार एनडीएमसी के क्षेत्र में आने वाली आवासीय संपत्ति के मालिकों को इस वित्तीय वर्ष में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, अगर परिवार के सदस्यों ने वैक्सीन लगवाई हुई हो.

ये योजना 30 जून तक लागू है. अधिकारियों ने बताया कि अगर परिवार का एक भी सदस्य 45 साल से ज्यादा उम्र का है और उन्होंने कोरोना जांच करवाई हुई है. तो भी परिवार इस योजना के तहत लाभार्थी होगा. नार्थ एमसीडी में आवासीय जमीन के मालिकों को 30 जून तक अतिरिक्त 15 प्रतिशत छूट दी जाएगी अगर वो प्रोपर्टी टैक्स का एकमुश्त भुगतान करें.

नार्थ एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये मुख्य रुप से लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है. हर साल 25-30 प्रतिशत परिवार 30 जून तक प्रोपर्टी टैक्स का एडवांस भुगतान करते हैं. वहीं नार्थ एमसीडी के मेयर जय प्रकाश ने कहा कि ये योजना दो उद्देश्यों को पूरा करने के लिए लागू की गई है. पहला नॉर्थ एमसीडी क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगाना और दूसरा टैक्स डिफॉल्टरों को प्रोपर्टी टैक्स में छूट और योजनाओं के बारे में जागरुक करना.

## केन्द्र सरकार ने रेम्डेसिविर और रेम्डेसिविर एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रेडिएंट्स के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत में कोविड मामलों में हाल में काफी तेजी आई है। 11.04.2021 तक कोविड के 11.08 लाख सक्रिय मामले हैं और उनमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसकी वजह से कोविड रोगियों के उपचार में प्रयुक्त इंजेक्शन रेम्डेसिविर की मांग में अचानक बहुत तेजी आ गई है। आने वाले दिनों में इस मांग में और वृद्धि होने की संभावना है। भारत की सात कंपनियां अमेरिका की मेसर्स गिलीड साइंसेज के साथ




स्वैच्छिक लाइसेंसिंग समझौते के तहत इंजेक्शन रेम्डेसिविर का उत्पादन कर रही हैं। उनके पास हर महीने लगभग 38.80 लाख यूनिट की संस्थापित क्षमता है। उपरोक्त को देखते हुए भारत सरकार ने स्थिति में सुधार आने तक इंजेक्शन रेम्डेसिविर तथा रेम्डेसिविर एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रेडिएंट्स (एपीआई) के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत सरकार ने राज्यों को यह भी सुझाव दिया है कि वर्तमान 'कोविड-19 के लिए राष्ट्रीय नैदानिक प्रबंधन प्रोटोकॉल' जो साक्ष्य पर आधारित है, को विशेषज्ञों की समिति द्वारा कई परस्पर बैठकों के बाद विकसित किया गया है और यह कोविड-19 के रोगियों के उपचार के लिए मार्गदर्शक दस्तावेज है। प्रोटोकॉल में रेम्डेसिविर को एक इंवेस्टिगेशनल थेरेपी अर्थात विस्तृत दिशा-निर्देशों में उल्लेखित प्रति संकेतों पर गौर करने के अतिरिक्त, जहां सूचित और साझा निर्णय निर्माण अनिवार्य है, के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को सुझाव दिया गया है कि इन कदमों को एक बार फिर से सभी अस्पतालों, सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों को संप्रेषित कर दिया जाए और इनके अनुपालन की निगरानी की जाए।

## महाराष्ट्र से फ्लाइट से दिल्ली आने वाले यात्रियों के लिए निगेटिव आरटी-पीसीआर रिपोर्ट जरूरी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में कोरोना वायरस महामारी का प्रकोप लगातार जारी है। साथ ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी कोरोना संक्रमित मामलों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस बीच हवाई यात्रा के जरिए महाराष्ट्र से दिल्ली आने वाले सभी यात्रियों के लिए नेगटिव आरटीपीसीआर रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य कर दिया गया है। यह रिपोर्ट 72 घंटे से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए। जो यात्री बिना नेगटिव रिपोर्ट के दिल्ली आएंगे, उन्हें 14 दिन के लिए चारंटीन रहना होगा।

संवैधानिक और सरकारी महकमों के स्टाफ को छूट रहेगी, अगर उन्हें कोरोना के लक्षण नहीं हैं। दिल्ली में शादी समारोह



में अब सिर्फ 50 लोगों को ही अनुमति मिलेगी। अंतिम संस्कार में अधिकतम 20 लोगों को अनुमति होगी। रेस्टॉरेंट और बार में कुल बैठने की क्षमता का 50 प्रतिशत हिस्सा ही इस्तेमाल किया जाएगा। अब दिल्ली मेट्रो में यात्री कोच की 50 प्रतिशत हिस्से में यात्रा कर सकेंगे। सिनेमा हॉल में कुल बैठने की क्षमता के 50 प्रतिशत हिस्से में बैठने की अनुमति होगी। इसके अलावा डीटीसी और क्लस्टर बसों में 50 प्रतिशत यात्रियों को सफर करने की अनुमति दी जाएगी।

वहीं दिल्ली में अब अंतिम संस्कार में अधिकतम 20 लोग ही शामिल हो सकेंगे, जबकि शादी समारोह में 50 लोग ही शामिल होने की अनुमति होगी। नए आदेश के मुताबिक अब दिल्ली में सभी तरह की सामाजिक, राजनीतिक, खेल, मनोरंजन, अकादमी, सांस्कृतिक, धार्मिक और त्योहार संबंधी जमावड़ों पर रोक लगा दी गई है। साथ ही स्टेडियम में स्पोर्ट्स इवेंट आयोजित करने की इजाजत होगी लेकिन दर्शक नहीं जा सकेंगे।

नए आदेशों में राजधानी दिल्ली में सभी स्कूल कॉलेज शिक्षण संस्थान या कोचिंग सेंटर बंद रहेंगे। ऑनलाइन क्लास को बढ़ावा दिया जाएगा। नई गाइडलाइंस के अनुसार दिल्ली सरकार के सभी दफ्तर, पीएसयू, कॉरपोरेशन, ऑटोनोमस बॉडी और लोकल बॉडी में ग्रेड -1 या इसके बराबर के अधिकारी अपनी 100 प्रतिशत क्षमता पर काम करेंगे, जबकि बाकी स्टाफ 50 प्रतिशत क्षमता के साथ काम करेगा।

स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, होमगार्ड, फायर और इमरजेंसी, सिविल डिफेंस या जिला प्रशासन के लोग बिना किसी पाबंदी के काम करते रहेंगे।

## भ्रष्टाचार मामला : पूर्व गृहमंत्री के निजी सहायकों को सीबीआई ने किया तलब

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रविवार को मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के संबंध में पूछताछ के लिए महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के निजी सहायकों को तलब किया। अधिकारियों ने बताया कि संजीव पलांडे और कुंदन को बंबई हाईकोर्ट के आदेश पर शुरू की गई प्रारंभिक जांच के तहत पूछताछ के लिए सीबीआई टीम के समक्ष पेश होने को कहा गया है। सिंह ने पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि जब देशमुख ने निलंबित पुलिसकर्मी सचिन वाजे से मुंबई के बार एवं रेस्तराओं से 100 करोड़ रुपये प्रति माह जबरन वसूलने को कहा था, तो उस समय पलांडे भी वहां मौजूद थे। वाजे उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास के निकट एक वाहन में विस्फोटक सामग्री मिलने के मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण की जांच का सामना कर रहा है। कहा जाता है कि उसने अपने बयान में कहा था कि इस तरह की एक अन्य बातचीत के दौरान कुंदन भी वहां मौजूद थे। सीबीआई ने हाईकोर्ट के आदेश पर देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की प्रारंभिक जांच मंगलवार को शुरू कर दी थी। इसके लिए अधिकारियों का एक दल दिल्ली से मुंबई भेजा गया है। सीबीआई वाजे, सिंह और मुंबई पुलिस के अन्य अधिकारियों से पहले की पूछताछ कर चुकी है।

## टायर फटने से अनियंत्रित कार खाई में गिरी एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत

**गिरीडीह (आरएनएस)।** झारखंड के गिरिडीह जिले में भयंकर सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई. हादसे की वजह कार का टायर फटना बताया जा रहा है. रिपोर्ट के मुताबिक, हादसा शनिवार को गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के जीटी रोड बीस माइल के पास हुआ. बताया गया कि टायर फटने से कार पलट गई और गहरी खाई में जा गिरी.

हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार के अंदर से सभी घायलों को बाहर निकाला. जिसमें चार लोगों की




मौके पर ही मौत हो गई.एक ही परिवार के चार लोगों की मौत की खबर से परिवार के अन्य लोगों में कोहराम मच गया.पुलिस ने चारों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

रिपोर्ट के मुताबिक, एक ही परिवार के लोग कार से जा रहे थे.अचानक जीटी रोड किनारे कार का टायर फट गया, टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गई. हादसे में कार के चीथड़े उड़ गए. आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी.सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची.

पुलिस के मुताबिक हादसे में एक ही परिवार के पति-प प्रतिशती समेत चार लोगों की मौत हो गई.मरने वाले सभी चारों लोग बगोदर थाना क्षेत्र के कुदर गांव के निवासी बताए जा रहे हैं.पुलिस ने चारों के शवों को कार से निकालकर उन्हें कब्जे में ले लिया गया.

## 'टीका उत्सव' कोरोना के विरुद्ध दूसरी बड़ी लड़ाई की शुरुआतः पीएम

### » कोरोना के खिलाफ जंग में देशवासियों से की 4 अपील

**नईदिल्ली, 11 अप्रैल (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'टीका उत्सव' वैक्सीनेशन पर्व को कोरोना के विरुद्ध दूसरी बड़ी लड़ाई कहा है और व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ सामाजिक स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया है। यह उत्सव रविवार महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर शुरू हुआ है और 14 अप्रैल को बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती तक चलेगा। इस अवसर पर एक संदेश में प्रधानमंत्री ने इस अभियान के सम्बन्ध में चार बिन्दुओं पर बल दिया।

पहला, हर एक-टीका लगवाए, अर्थात ऐसे व्यक्ति जो स्वयं को टीका लगवाने के लिए नहीं जा सकते, जैसे कि अनपढ़ एवं वृद्ध जन, उनकी सहायता करें।

दूसरा, हर एक- दूसरे का उपचार करे। ऐसा उन लोगों को कोरोना का उपचार दिलवाने के लिए है जिनके पास इसकी जानकारी नहीं है और इसके लिए आवश्यक संसाधन नहीं है।

तीसरा, हर एक-दूसरे को बचाए, अर्थात मै मास्क पहनूंगा और अपने अलावा औरों को



बचाऊंगा। इस पर जोर दिया जाना चाहिए।

और अंत में 'सूक्ष्म संगरोध क्षेत्र' (माइक्रो कन्टेनमेंट जोन्स) बनाने के लिए समाज और जनता को पहल करनी होगी। यदि कोरोना संक्रमण का एक भी प्रमाणित मामला सामने आता है तो परिवार के सदस्यों और समाज के लोगों को 'माइक्रो कन्टेनमेंट जोन्स' बनाने होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत जैसी घनी जनसंख्या वाले देश में 'माइक्रो कन्टेनमेंट जोन्स' कोरोना के विरुद्ध लड़ाई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

प्रधानमंत्री ने परीक्षण करने और जागरूकता बढाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने हर पात्र व्यक्ति से टीका लगवाने के लिए कहा।उन्होंने कहा कि ऐसा करना समाज और प्रशासन दोनों का पहला प्रयास होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि हमें वैक्सीन की शून्य बर्बादी (जीरो वैक्सीन वेस्टेज) की दिशा में बढना होगा।उन्होंने कहा कि टीकाकरण क्षमता का सर्वोत्तम उपयोग ही हमारी क्षमता बढाने का रास्ता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'माइक्रो कन्टेनमेंट जोन्स' के बारे में जागरूक होने से ही हमारी सफलता का निर्धारण होगा। इसके लिए हमे अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलना, सभी पात्र व्यक्तियों का टीकाकरण और मास्क पहनने एवं अन्य निर्देशों का पालन करने जैसे कोविड उचित व्यवहार का हम सब कैसे पालन करते हैं, का तरीका अपनाना होगा।